# कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर है यूपी की ताकत: मुख्यमंत्री

## सीएम ने वस्त्र उद्योग में निवेश करने वाले 80 निवेशकों को वितरित की 210 करोड़ की प्रोत्साहन राशि

- इन्वेस्टर्स मीट में पीएम मित्र पार्क के लिए 700 करोड़ रुपए के दो एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**भारत** सरकार की महत्वाकांक्षी 'पीएम मित्र योजना' के तहत लखनऊ-हरदोई सीमा पर 1,000 एकड़ में प्रस्तावित मेगा टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क की स्थापना के लिए शनिवार को लखनऊ में एक भव्य इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश वस्त्र परिधान नीति 2017 के अंतर्गत राज्य के वस्त्र उद्योग में निवेश करने वाले 80 निवेशकों को 210 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की। साथ ही, पीएम मित्र पार्क के लिए 700 करोड़ रुपये के दो एमओयू साइन किए गए। सीएम योगी ने इस अवसर पर कहा कि यह पार्क उत्तर प्रदेश को टेक्सटाइल हब के रूप में स्थापित करेगा और 50,000 से अधिक नए रोजगार सृजित करेगा।

सीएम योगी ने इन्वेस्टर्स मीट को संबोधित करते हुए कहा कि मैं प्रधानमंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल (पीएम मित्र) योजना के तहत लखनऊ में स्वीकृत इस परियोजना के लिए आयोजित इन्वेस्टर्स मीट यूपी के वस्त्र उद्योग को नई ऊंचाई पर ले जाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन ने गुजरात के सूरत को टेक्सटाइल हब बनाया और अब इस विजन को देशभर में लागू करने के लिए सात पीएम मित्र पार्क स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से एक लखनऊ में है। यह देश का एकमात्र पीएम मित्र पार्क है जो किसी राज्य की राजधानी में स्थापित हो रहा है। 1,000 एकड़ में बनने वाले इस पार्क के लिए डीपीआर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सीएम योगी ने कहा कि यह पार्क लखनऊ सिटी से सटा हुआ है। आउटर रिंग रोड (सिक्स लेन) से इसकी कनेक्टिविटी है और राज्य सरकार फोरलेन कनेक्टिविटी भी उपलब्ध कराएगी।

योगी ने निवेशको को उत्तर प्रदेश की ताकत का अहसास कराते हुए कहा कि 25 करोड़ की आबादी वाला यह राज्य देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। उन्होंने कहा कि न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि नेपाल, भूटान, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड की बड़ी आबादी अपनी आवश्यकताओं के लिए यूपी पर निर्भर है। जीवन की तीन मूलभूत आवश्यकताओं में वस्त्र एक है। सीएम योगी ने बताया कि पीएम मित्र पार्क एक ही स्थान पर बुनाई, रंगाई, छपाई, डिजाइनिंग और पैकेजिंग की सुविधा देगा, जो मार्केट की डिमांड को पूरा करने में मदद करेगा। उन्होंने निवेशकों को आश्वस्त किया कि यह पार्क टेक्सटाइल उद्योग की अनंत संभावनाओं को साकार करेगा। योगी ने उत्तर प्रदेश वस्त्र परिधान नीति 2017 के तहत 80 निवेशकों को 210 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की। इस दौरान गोरखपुर के अमर कुलसियान (9 लिमिटेड) और गौतम बुद्ध नगर के रजत जयपुरिया (राजलक्ष्मी) को मंच पर सम्मानित किया गया। योगी ने कहा कि हमने डीबीटी के जरिए सभी निवेशकों के खातों में राशि भेजी है, लेकिन मंच पर सम्मान करके हम यह संदेश देना चाहते हैं कि हमारी नीतियां केवल घोषणा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनका ईमानदारी से क्रियान्वयन भी होता है। उन्होंने कहा कि 2022 की नीति के तहत 44 निवेशकों को 768 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के लिए लेटर ऑफ कम्फर्ट और 8 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन भी वितरित किए गए।

इस इन्वेस्टर्स मीट में पीएम मित्र पार्क के लिए 700 करोड़ रुपये के दो एमओयू साइन किए गए। इसके अलावा, पहले से ही 83 एमओयू के तहत 3,800 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। सीएम योगी ने कहा कि हमने 1,000 से अधिक एमओयू साइन किए हैं, जिनमें से 225 का ग्राउंड ब्रेकिंग जल्द होगा। इससे 6,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा और 50,000 से अधिक नए रोजगार सृजित होंगे। उन्होंने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश में निवेश की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम 'निवेश मित्र' के जरिए 500 से अधिक क्लीयरेंस एक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। साथ ही, 'निवेश सारथी' के जरिए एमओयू की मॉनिटरिंग की जा रही है।

### योगी ने निवेशकों को दी सुरक्षा और सुविधा की गारंटी

**सीएम** योगी ने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए सकारात्मक माहौल है। उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षों में हमने 35 सेक्टोरियल पॉलिसी बनाई हैं। लैंड बैंक, कनेक्टिविटी और कानूनी व्यवस्था के साथ आपकी पूंजी की पूरी सुरक्षा की गारंटी है। मुख्यमंत्री ने निवेशकों से अपील की कि वे पीएम मित्र पार्क के जरिए उत्तर प्रदेश को टेक्सटाइल हब बनाने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ की आबादी वाला भारत रेडीमेड गारमेंट में बांग्लादेश (16 करोड़ आबादी) से पीछे क्यों रहे? हमारे पास ट्रेनिंग, डिजाइनिंग और पैकेजिंग की सुविधाएं हैं। सीएम योगी ने निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मित्र पार्क और नए टेक्सटाइल व लेदर पार्क उत्तर प्रदेश को टेक्सटाइल और अपैरल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। मैं आप सभी निवेशकों का एक बार फिर स्वागत करता हूं और विश्वास करता हूं कि आप पीएम मोदी के इस विजन को जमीनी धरातल पर उतारने में योगदान देंगे। इस इन्वेस्टर्स मीट ने उत्तर प्रदेश को टेक्सटाइल हब बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा।

### संत कबीर व रविदास के नाम पर नए टेक्सटाइल पार्क होंगे स्थापित

**सीएम** योगी ने घोषणा की कि पीएम मित्र पार्क के अलावा राज्य सरकार 10 नए टेक्सटाइल पार्क संत कबीर दास के नाम पर स्थापित करेगी। साथ ही, दो नए लेदर पार्क संत रविदास के नाम पर विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ये पार्क पीएम मित्र पार्क के एक्सटेंशन सेंटर के रूप में काम करेंगे और टेक्सटाइल व लेदर उद्योग को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। सीएम योगी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की मंशानुरूप पीएम मित्र पार्क को 5F मॉडल (फॉर्म टू फाइबर, फाइबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन, फैशन टू फॉरेन) के आधार पर विकसित किया जाएगा, जिससे उत्पादन से लेकर निर्यात तक की पूरी प्रक्रिया एक ही स्थान पर हो सके। इस दौरान कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, रोहित कंसल (अपर सचिव वस्त्र उद्योग, भारत सरकार), प्रमुख सचिव हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग अनिल कुमार सागर, सीआईआई की अध्यक्ष डॉ. उपासना अरोड़ा के अलावा कई उद्यमी व गणमान्य मौजूद रहे।